तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 28 जुलाई 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 पीएम आवास के हितग्राहियों ने स्वप्रेरणा से बनाए 500 से अधिक सोख्ता गड्ढे





आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग

जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.

मों. 9826156669, 7000288169

B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)

G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)

स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार

पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरवार रोड, मायापुर अंबिकापुर


## निर्धारित समय के बाद भी आधे पेड़ों की हुई कटाई

# एनएच 343 निर्माण के लिए अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच काटे जाएंगे 14 हजार पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर पेड़ों की कटाई का काम अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है। सड़क निर्माण को लेकर कंपनी पहुंच गई है लेकिन अब तक सिर्फ 50 प्रतिशत ही पेड़ों की कटाई हो पाई है। ऐसे में ठेकेदार पेड़ों की कटाई का काम पूर्ण होने के बाद ही निर्माण कार्य में हाथ लगाने की बात कह रहे है। वहीं सबसे बड़ी बात यह है कि एनएच 343 पर लगभग 25 किमी के अभ्यारणय क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के लिए अब तक अनुमति नहीं मिली है। पेड़ कटाई की अनुमति नहीं मिलने के कारण इस पैच पर सडक का निर्माण भी नहीं किया जाएगा।

**खास बात**

- सेमरसोत जंगल वाले हिस्से में नहीं होगी कटाई

बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर 21 अप्रैल 2022 को दो खडों में सड़क निर्माण की स्वीकृति दी जिसके तहत राजपुरी खुर्द से पाढ़ी के बीच 49 किलोमीटर सड़क के लिए 397.44 करोड़, बड़की महरी से रामानुजगंज के बीच 29.430 किलोमीटर सड़क के लिए 199.05 करोड़ की स्वीकृति दी गई जबकि बाद में संजय नगर से राजपुरीखुर्द के बीच 13.700 किलोमीटर बाईपास सड़क निर्माण हेतु 149.94 किलोमीटर सड़क निर्माण की स्वीकृति दी गई थी। सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने के ढाई वर्षों बाद भी काम शुरू नहीं हो पाया हुआ इसका कारण सड़क के बीच पड़ने वाले घने जंगल है। सड़क निर्माण के लिए पेड़ों की कटाई हेतु अनुमति मिलना सबसे जरुरी था लेकिन फारेस्ट क्लियरेंस समय पर नहीं मिल पाया। लम्बी प्रक्रिया व वर्षों के इतंजार के बाद शासन से जांजगीर चांपा में भूमि उपलब्ध कराने जाने और 24 करोड़ रुपए कि राशि जमा करने के बाद फारेस्ट क्लियरेंस मिला। शासन से अनुमति मिलने के बाद दो खंड में पेड़ों की कटाई का काम शुरू किया गया लेकिन अब तक पेड़ों की कटाई पूर्ण नहीं हो पाई है।



जर्जर एनएच 343

### अब तक कटे 50 प्रतिशत पेड़

एनएच 343 पर सडक निर्माण के लिए पेड़ों की कटाई का काम शुरू कर दिया गया है। पेड़ों की कटाई दो खंड में हो रही है जिसमें बलरामपुर से रामानुजगंज और बलरामपुर से अंबिकापुर के बीच पेड़ काटे जाने है। इस दौरान कुल 14 हजार पेड़ों का चिन्हांकन किया गया है। सडक के दोनों ओर इन पेड़ों की कटाई भविष्य में फोर लेन सड़क के निर्माण को ध्यान में रखकर की जा रही है। अबतक एनएच पर बलरामपुर से रामानुजगंज के बीच पेड़ों की कटाई का काम पूर्ण हो गया है लेकिन बलरामपुर से अंबिकापुर के बीच पेड़ की कटाई जारी है। हालांकि पेड़ों की कटाई का काम काफी धीमा चल रहा है। इसे लेकर अधिकारियों का कहना है कि बारिश के कारण पेड़ कटाई का काम धीमा हुआ है। मजदूर भी खेती किसानी में व्यस्त है लेकिन समय पर पेड़ों की कटाई का काम पूर्ण कराया जाएगा।

### अभयारण्य क्षेत्र में नहीं होगा निर्माण

एनएच 343 में सड़क निर्माण के दौरान सबसे बड़ी बाधा सेमरसोत अभ्यारण्य क्षेत्र है। एनएच के बीच लगभग 22 से 25 किमी का जंगल रिजर्व फारेस्ट है और इस फारेस्ट में पेड़ों की कटाई की अनुमति नहीं मिली है। अभ्यारण्य क्षेत्र में पेड़ काटने की अनुमति मिलना बेहद मुश्किल है और यही वजह है कि विभाग को इस पैच पर सड़क निर्माण के लिए भी स्वीकृति नहीं मिली है। अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच सेमरसोत अभ्यारणय वाले भाग में विभाग ने भी सड़क निर्माण का कोई प्रस्ताव फिलहाल नहीं बनाया है। ऐसे में अभ्यारणय वाले हिस्से में पेड़ों की कटाई नहीं होगी।

### पेड़ कटाई के बदले जांजगीर चांपा जिले दी गई 104 हेक्टेयर भूमि

सड़क निर्माण के बीच आने वाले फॉरेस्ट लैंड को लेकर सबसे बड़ी चुनौती फॉरेस्ट लैंड के बदले दूसरी जमीन वन विभाग को उपलब्ध कराना था। सरगुजा संभाग में इतनी बड़ी भूमि उपलब्ध नहीं हो पा रही थी। ऐसे में प्रदेश सरकार के निर्देश पर एनएच विभाग द्वारा दूसरे जिलों में भूमि की खोज की जा रही थी। महीनों तक चले प्रयास के बाद जांजगीर चांपा जिले में फॉरेस्ट क्लीयरेंस के लिए भूमि उपलब्ध कराई गई है। बताया जा रहा है कि जांजगीर चांपा जिले में कुल 104.378 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया गया है। इसमें फारेस्ट रेंज के नवागढ़ तहसील अंतर्गत मुदपर में खसरा नंबर 657/1 में 17.612 हेक्टेयर, बलोदा के पामगढ़ अंतर्गत बोरसी में खसरा नंबर 952/1 में 33.698 हेक्टयेर, बलोदा के जारवे में खसरा नंबर 230/1, 230/2, 257/1 में 18.249 हेक्टेयर, चांपा रेंज के कोसमंडा अंतर्गत खसरा नंबर 892/1 में 4.980 हेक्टेयर व खसरा नंबर 879 में 29.839 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध कराई गई है। उक्त भूमि पर एनएच के लिए काटे गए पेड़ों के स्थान पर पौधरोपण किया जाएगा।

### कहां कितना फॉरेस्ट एरिया

एनएच 343 पर सड़क निर्माण दो खंड में किया जाना है और बाईपास का काम भी अलग से स्वीकृत है। एनएच 343 में राजपुरीखुर्द से पाढ़ी बीच कुल 49 किलोमीटर की सड़क में फारेस्ट का जंगल 18.635 किलोमीटर है जिसमें 50.201 हेक्टेयर का जंगल प्रभावित हो रहा है। इसी तरह बड़की महरी से रामानुजगंज के बीच 29.430 किमी सड़क में 12.28 किमी जंगली क्षेत्र है। इनमें 42.254 हेक्टयेर जंगल प्रभावित हो रहा है जबकि संजयनगर से राजपुरीखुर्द के बीच 13.700 किमी सड़क में 2.869 किमी जंगल है और 9.869 हेक्येटर जंगल प्रभावित हो रहा है। कुल 92.13 किमी की सड़क में 102.324 हेक्येटर जंगल प्रभावित हो रहा है। इसमें भी बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 80.182 हेक्टेयर संरक्षित जंगल है। 6.376 हेक्टेयर रिजर्व फारेस्ट और 5.897 हेक्टेयर रेवेन्यू फारेस्ट है। पेड़ों की कटाई और नए सिरे से पौधरोपण के लिए 24 करोड़ 70 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाकर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भेजा गया था और उसके बाद शासन से यह राशि जारी की गई।

### चल रही है कटाई

एनएच निर्माण के लिए पेड़ों की कटाई का काम चल रहा है। 50 प्रतिशत से अधिक पेड़ कट गए है। बारिश के कारण काम थोड़ा धीमा हुआ है लेकिन समय पर काम पूर्ण कर दिया जाएगा। पेड़ कटाई में सेमरसोत अभ्यारण वाला हिस्सा शामिल नहीं है।

-अलोक कुमार वाजपेयी
डीएफओ

## विद्युत कनेक्शन के नाम पर जेई ने लिए 15 हजार, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बलरामपुर जिले में विद्युत कनेक्शन लगवाने के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। कनेक्शन लगाने के नाम पर जेई द्वारा पैसा लेने का वीडियो अब जमकर वायरल हो रहा है। इस मामले में शिकायत के बाद चीफ इंजीनियर ने जेई को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

- मुख्य अभियंता ने किया निलंबित, बलरामपुर जिले का मामला

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामानुजगंज भेंडरी में शिकायतकर्ता विनय यादव द्वारा विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन दिया गया था। आरोप है कि आवेदन देने के बाद बलरामपुर विद्युत कार्यालय में पदस्थ जेई शांतनु बर्धन द्वारा 15 हजार रुपए की मांग की गई थी। कई दिनों तक की गई टालमटोल के बाद ग्रामीण ने सीएसईबी के जेई को 15 हजार रुपए की रिश्वत दे दी लेकिन इस दौरान लोगों ने इसका वीडियो भी बना लिया। रूपए लेने का वीडियो अब वायरल हो गया है जिसमें स्पष्ट नजर आ रहा है कि जेई कुर्सी पर बैठकर रुपए गिन रहा है। इस घटना के बाद विभाग में भी हड़कंप मच गया है और विद्युत कनेक्शन के नाम पर पैसों की उगाही किए जाने से विभाग की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है। वहीं अब वीडियो वायरल होने व विनय यादव द्वारा की गई शिकायत के मुख्य अभियंता यशवंत शैलेन्द्र ने जेई शांतनु बर्धन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### की गई है कार्रवाई

शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद जेई को निलंबित किया गया है और मामले की जांच चल रही है।

-यशवंत शैलेन्द्र
चीफ इंजीनियर

## एनएच पर बाइक से टकराकर युवक की मौत

**राजपुर।** एनएच 343 पर दो बाइक के बीच हुई टक्कर में एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह 10.30 बजे बंसत पनिका बाइक से बच्चों को लेकर बरियों से डकवा जा रहे थे। इस दौरान अंबिकापुर-राजपुर मुख्य मार्ग पर बघिमा चन्द्रघंटा मंदिर के समीप तेज रफ्तार बाइक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बसंत पनिका की बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार तीनों युवक खुखड़ी उठाने जा रहे थे। इस घटना में ग्राम चारपारा निवासी 28 वर्षीय मनोज कुमार आ. कपिल से की मौके पर ही मौत हो गई जबकि विनोद मरावी व एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना में बसंत दास और बच्चों को हल्की चोट आई है। घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### बीईओ और प्राचार्यों की शिक्षकीय समीक्षा बैठक 31

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के शैक्षणिक वातावरण को सशक्त बनाने एवं विद्यालयी व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु 31 जुलाई को प्रातः 11 बजे से बैठक का आयोजित की जाएगी। यह बैठक राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अंबिकापुर के ऑडिटोरियम में संपन्न होगी। बैठक में जिले के समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक एवं शासकीय हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी/सेजस विद्यालयों के प्रधानपाठक शामिल होंगे। यह उपस्थिति अनिवार्य रूप से निर्धारित की गई है।बैठक में कक्षा 10वीं व 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम 2025 की समीक्षा, परीक्षा परिणाम सुधार के लिए विद्यालयों द्वारा की गई कार्य योजनाओं की प्रस्तुति,प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु, योजना,शिक्षक-विद्यार्थियों की उपस्थिति स्थिति, गणवेश वितरण व शैक्षणिक सामग्री की अद्यतन स्थिति, इंस्पायर अवार्ड हेतु प्रस्तावों का पंजीयन, शिक्षक बैठक एवं पालक शिक्षक बैठक होगी।

### नॉन रेल हेड व डाकघर में मिलेगी रेल आरक्षण की सुविधा

**अम्बिकापुर।** यात्रियों की सुविधा और पहुंच को ध्यान में रखते हुए दक्षिण-पूर्व मध्य रेलवे ने यात्रियों को आरक्षित टिकट बुकिंग की सुविधा रेलवे स्टेशनों के अलावा शहरी क्षेत्रों में भी प्रदान की है। इसके अंतर्गत मंडल के 8 प्रमुख स्थानों पर नॉन रेल हेड और डाकघर में रेल आरक्षण सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे यात्री अपने नजदीकी स्थान से आरक्षित टिकट बुक कर सकते है। यह सुविधा भारतीय रेल की कम्प्यूटरीकृत आरक्षण प्रणाली के माध्यम से उपलब्ध है जिसके तहत यात्री सभी ट्रेनों के लिए आरक्षित टिकट बुक कर सकते हैं। यह पहल विशेष रूप से ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में रहने वाले यात्रियों के लिए लाभकारी है, जो रेलवे स्टेशन से दूर निवास करते है या जिनके लिए स्टेशन तक आना संभव नहीं होता। रेल मंडल द्वारा अम्बिकापुर , अमरकंटक, कोरबा और जशपुर के पोस्ट ऑफिस बैकुंठपुर शहर, मुंगेली और सूरजपुर शहर में उपलब्ध कराई गई है। मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि यह प्रयास रेलवे की यात्री सुविधा सर्वोपरि नीति को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है।

### प्री इंजीनियरिंग एवं प्री मेडिकल परीक्षाओं हेतु आवेदन 11 अगस्त तक

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा राज्य के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के कक्षा 12वीं उत्तीर्ण 100 अभ्यर्थी (64 अनुसूचित जनजाति, 36 अनुसूचित जाति) जो ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते है, उन इच्छुक अभ्यर्थियों से योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। अभ्यर्थियों का चयन प्राक्चयन परीक्षा में प्राप्त मेरिट अंक के आधार पर किया जायेगा। इस योजनांतर्गत विद्यार्थी को कोचिंग, आवास, भोजन, चिकित्सा, पुस्तक, प्रवेश शुल्क आदि निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदक आवेदन पत्र में चाही गई समस्त जानकारी सही-सही देवें एवं स्वयं के द्वारा संबंधित अभिलेख सत्यापित कर आवेदन के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करें। इच्छुक विद्यार्थी 11 अगस्त सायं 4 बजे तक सभी अभिलेखों के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, कम्पोजिट बिल्डिंग प्रथम तल में आवेदन जमा कर सकते है।

## विवेचना के नाम पर चिकित्सक से अवैध उगाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चिकित्सक से अवैध वसूली के मामले में आईजी ने शिकायत के बाद बड़ी कार्रवाई की है। चिकित्सक से थाने में दर्ज प्रकरण में विवेचना के नाम पर पैसे मांगने वाले सहायक उप निरीकसक को लाइन अटैच कर दिया है जबकि एक नगर सैनिक को निलंबित कर दिया गया है।

- आईजी ने एएसआई को किया लाइन अटैच, नगर सैनिक निलंबित

आईजी की इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि 25 जुलाई को न्यूरो सर्जन डॉ. शिवा राम आईजी दीपक झा से शिकायत की थी कि थाना मणिपुर में बीएनएस की धारा 331(4), 305 (ए) के तहत एक प्रकरण दर्ज है और इस प्रकरण की जांच चल रही है। प्रकरण की विवेचना के नाम पर थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक धीरज गुप्ता ने थाना प्रभारी मणिपुर के नाम पर 10 हजार रुपए और स्वयं के नाम पर 8 हजार रुपए कि मांग की थी। पुलिसकर्मी ने विवेचना के नाम पर चिकित्सक से 5 हजार रुपए वसूल भी लिए थे। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आईजी दीपक झा ने स्वयं जांच कराई और जांच में चिकित्सक से रुपए लेने की पुष्टि हुई। चिकित्सक से 5 हजार रुपए नगर सैनिक ओपी दुबे के खाते में लिया गया था। ऐसे में आईजी श्री झा ने सहायक उप निरीक्षक धीरज गुप्ता को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया है इसके साथ ही नगर सैनिक ओपी दुबे को निलंबित कर दिया है। वहीं इस पूरे प्रकरण की जांच चल रही है। विवेचना के नाम पर अवैध उगाही का मामला सामने आने के बाद पुलिस विभाग की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है।

## पिकअप वाहन समेत चिरान जब्त



अवैध चिरान के साथ जब्त पिकअप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वन विभाग ने अवैध रूप से लकड़ी परिवहन के मामले में कार्रवाई की है। विभाग ने पिकअप वाहन समेत 4 नगर चिरान जब्त किया है। बता दें कि वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पिकअप वाहन से अवैध रूप से लकड़ी की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलने के बाद उदयपुर प्रशिक्षु रेंजर विकास गुप्ता के नेतृत्व में उदयपुर डांडगाव सायर सर्किल टीम द्वारा रात्रि गश्त के दौरान ग्राम पूटा गोरयाडोल में एक पिकअप की तलाशी ली गई तलाशी के दौरान उसमें चार नग चिरान पाया गया। इस दौरान टीम ने जब पिकअप चालाक रिसाज से लकड़ी परिवहन के दस्तावेज मांगे तो वह कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। इसे में टीम द्वारा लकड़ी और पिकअप को जब्त कर लिया गया है। वन विभाग द्वारा मामले में

- विभाग ने उदयपुर क्षेत्र में की कार्रवाई

वन अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में वन रक्षक अमरनाथ राजवाड़े, समर्पण लकड़ा, सहीस कपूर, नन्द कुमार, आमों कुमार सिंह, विष्णु सिंह, सुरक्षा श्रमिक पनेश्वर और रवि सक्रिय रहे।

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी बने खेतिहर किसान, ट्रैक्टर चलाकर की खेती



**बैकुण्ठपुर।** प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपनी जड़ों से जुड़ाव का परिचय देते हुए सोशल मीडिया पर एक प्रेरणादायक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने अपने गृह क्षेत्र रतनपुर खड़गवां में स्वयं ट्रैक्टर चलाकर खेती की और खेत में मेहनत करते हुए अपनी तस्वीरें साझा कीं।

मंत्री श्री जायसवाल ने पोस्ट में लिखा किसान होना गर्व की बात है, अन्न पैदा करना केवल काम नहीं, तपस्या है। इस संदेश के साथ उन्होंने यह भी जताया कि किसान देश की रीढ़ हैं और कृषि केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि राष्ट सेवा का माध्यम है। बारिश के इस सीजन में प्रदेश के कई मंत्री खेती-किसानी में जुटे हुए हैं। जनता से जुड़ाव और मेहनत की मिसाल पेश करते हुए यह पहल लोगों में खासा चर्चित हो रही है। सोशल मीडिया पर लोग मंत्री के इस पहल की सराहना कर रहे हैं।

## निराश होकर लौटे अभ्यर्थी, जताई नाराजगी, 12625 ने दी आबकारी आरक्षक की परीक्षा

# समय से पहले ही बंद कर दिया गया परीक्षा केंद्र का मुख्य गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। शहर के 38 केन्द्रों में हुई परीक्षा में 12625 शामिल हुए जबकि 3194 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। भर्ती परीक्षा के दौरान व्यापम द्वारा जारी गाइडलाइन एक तरफ अभ्यर्थियों के लिए परेशानी का कारण बन गई तो वहीं दूसरी ओर केन्द्रों में भी भारी अव्यवस्था देखने को मिली। केन्द्रों में निर्धारित समय से 10 से 15 मिनट पहले ही गेट बंद कर दिए गये जिससे कई अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने का मौका नहीं मिल पाया जबकि अभ्यर्थी केंद्र के बाहर कतार में ही खड़े थे। इस दौरान अभ्यर्थियों ने केंद्र के बाहर अपनी नाराजगी जाहिर की।



रविवार को व्यापम द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा के लिए जिले में कुल 38 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सुबह से ही परीक्षा केन्द्रों में अभ्यर्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। सरगुजा में परिक्षा देने के लिए जिलेभर से अभ्यर्थियों के साथ ही दूसरे जिलों से भी कुछ अभ्यर्थी आए हुए थे। इस दौरान व्यापम द्वारा जारी किए गये कड़े निर्देशों के तहत अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की गई जबकि अधिकारियों ने अपने हाथों से भी उनकी जांच की। जांच के दौरान अभ्यर्थियों को लाईट कलर के हाफ शर्ट पेंट पहने होने पर ही एंट्री दी गई जबकि जूते के साथ ही क्रोक्स भी उतरवा दिए गए। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान जांच में की गई देरी के कारण केंद्र के बाहर अभ्यर्थियों की कतार लग गई और फिर निर्धारित समय से पहले ही मुख्य गेट को बंद कर दिया गया। शहर के कन्या विद्यालय, मणिपुर सहित ज्यादातर केन्द्रों में यह देखने को मिला कि केंद्र के गेट को कहीं 10.15 बजे तक ही बंद कर दिया गया जबकि गाइड लाइन में मुख्य गेट बंद करने का समय 10.45 बजे तक था। सबसे बड़ी बात यह है कि अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र के बाहर कतार में लगे हुए थे लेकिन केन्द्राध्यक्षों ने मुख्य गेट को बंद कर दिया गया। ऐसे में सैकड़ों अभ्यर्थी परीक्षा देने से वंचित हो गए जबकि अभ्यर्थी समय से पहले ही केंद्र में पहुंच गए थे। इनमें से कई अभ्यर्थी तो ऐसे थे जो समय पर आ गए थे और उन्हें जांच के बाद कपड़े बदलकर आने को कहा गया और जबतक वे वापस आए केंद्र बंद हो गया था। वहीं कई केन्द्रों में अभ्यर्थियों को कक्ष में प्रवेश देने के बाद बाहर निकाल दिया गया। इस दौरान उन अभ्यर्थियों को हवाला दिया गया की उनके सरनेम दस्तावेज में मैच नहीं हो रहे है। यह समस्या प्रवेश पत्र में की गई मिस प्रिंट के कारण हुई तो कहीं ऑनलाइन फॉर्म भरते समय हुई त्रुटि थी। अभ्यर्थी के दस्तावेज सही थे और उसकी फोटो मिल रही थी लेकिन इसके बाद भी उसे बाहर निकाल दिया गया। हालांकि कई केन्द्रों से ऐसी जानकारी भी सामने आई कि केन्द्राध्यक्षों ने मानवता का परिचय देते हुए समय पर उपस्थित हुए अभ्यर्थियों को परिसर में प्रवेश दे दिया और उन्होंने परीक्षा भी दी।

### ऑटो चालक ने दिया अपना टी शर्ट



एक तरफ परीक्षा के दौरान केंद्र में भारी अव्यवस्था और असंवेदनशीलता देखने को मिली। अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा अभ्यर्थियों ने भुगता तो वहीं एक ऑटो चालक ने मानवता का परिचय भी दिया। परीक्षा केंद्र के बाहर एक युवती निर्धारित ड्रेस कोड के तहत केंद्र में नहीं पहुंची थी और वह अकेले होने के कारण भटक रही थी। इसी दौरान ऑटोचालक सुबोध ने अपना टी शर्ट निकालकर युवती को दिया जिसे पहनकर वह परीक्षा देने गई। रविवार को केन्द्रों में भारी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। केन्द्रों में सभी कमरों में जैमर भी लगाए गए थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा में कुल पंजीकृत 15819 परीक्षार्थियो में से 12625 उपस्थित और 3194 अनुपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आज चिकित्सक आवासीय परिसर का भूमिपूजन

**चिरमिरी।** छग शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा छग मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में जिला अस्पताल परिसर चिरमिरी में चिकित्सक आवासीय परिसर एवं ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह 28 जुलाई सोमवार को प्रातः 11 बजे जिला अस्पताल के सामने बड़ा बाजार चिरमिरी में आयोजित किया जा रहा है । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक श्याम बिहारी जायसवाल बीस सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. श्रीमती ज्योत्सना महंत सांसद कोरबा लोकसभा करेंगी। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रामनरेश राय महापौर नगरपालिक निगम चिरमिरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष सिंह सभापति नगरपालिका निगम चिरमिरी, मनोज डे (बबलू) एमआईसी लोक निर्माण विभाग नगरपालिका निगम चिरमिरी, मनीष खटिक पार्षद वार्ड क्र. 29 एवं श्रीमती नीलम सालूजा पार्षद वार्ड क्र. 28 की उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम में चिकित्सक आवासीय परिसर के लिए 13 करोड़ रूपए एवं ट्रांजिट हॉस्टल के लिए 1 करोड़ 68 लाख रूपए की लागत से निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा।

### आवासीय विद्यालय में तीन छात्रों का चयन

**बैकुण्ठपुर।** शहर में संचालित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के तीन छात्रों का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हुआ। बच्चों के इस सफलता पर छात्रावास अधीक्षक दीपक कुमार पाटले का विशेष सहयोग रहा। मिली जानकारी के अनुसार राज्य स्तर पर प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इस प्रवेश परीक्षा में इस बार प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास बैकुंठपुर के छात्र संतोष कुजूर का प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग, दिलेश्वर सिंह का प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर तथा संदीप कुमार का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय बिलासपुर के लिए हुए। इन छात्रों का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन होने पर सहपाठियों में खुशी है एवं शिक्षकों ने उक्त बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**होगा विशाल भंडारा** | **श्रावण के तीसरे सोमवार को देवराहा बाबा सेवा समिति करती है आयोजन**

# बेलों के बाग छुरीगढ़ में विराजे भगवान भोलेनाथ के लिए आज निकलेगी कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय में श्रावण मास के तीसरे सोमवार 28 जुलाई को देवराहा बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे ने बताया कि कांवड़ यात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई है। कांवड़ यात्रा प्रेमाबाग स्थित देवराहा बाबा मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी, जहां प्रातःकाल 7 बजे कांवड़ियों का विशाल जत्था एकत्र होगा। तत्पश्चात सभी श्रद्धालु गेज नदी से पवित्र जल भरकर 'हर हर महादेव' व 'बोल बम' के जयघोष के साथ यात्रा प्रारंभ करेंगे। यात्रा बस स्टैंड, कुमार चौक, जूनापारा, नरसिंहपुर, मोदीपारा होते हुए छुरीगढ़ धाम पहुंचेगी। यह यात्रा करीब 10 किमी लंबी है, जिसे श्रद्धालु पैदल चलकर तय करेंगे।


छुरीगढ़ पहाड़ पर विराजे भगवान भोलेनाथ।


मुख्य मार्ग से उपर तक बनी सड़क और नाली।


पहाड़ी पर बनी सड़क व सीढ़ी निर्माण।

### हर साल होता है भव्य आयोजन

देवराहा बाबा सेवा समिति द्वारा आयोजित इस कांवड़ यात्रा में हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। पूरी यात्रा मार्ग में बोल बम के नारे गूंजते हैं और भक्ति का माहौल बना रहता है। यात्रा के दौरान छुरीगढ़ पहाड़ी की तलहटी में विशाल भंडारा कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### यात्रा मार्ग में सुविधाएं विकसित

कांवड़ यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु मुख्य सड़क से मंदिर तक रोड व नाली निर्माण किया गया है। साथ ही पहाड़ी चढ़ाई को सहज बनाने के लिए ऊपर तक सीढ़ी व सड़क का निर्माण भी पूर्ण किया गया है, जिससे इस वर्ष श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलेगी।

**भावी पीढ़ी के लिए जल संरक्षण अत्यंत जरूरी**

# पीएम आवास के हितग्राहियों ने स्वप्रेरणा से बनाए 500 से अधिक सोख्ता गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रारंभ किए गए मोर गांव मोर पानी महा अभियान और जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे आवा पानी झोंकी अभियान ने कोरिया जिले में जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय परिणाम देने शुरू कर दिए हैं।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन और लगातार की जा रही प्रेरक अपीलों से प्रभावित होकर ग्रामीणों ने अब जलसंरक्षण को अपनी जिम्मेदारी बना लिया है। बीते 23 जुलाई को जिले के प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित 500 से अधिक हितग्राहियों ने स्वप्रेरणा से अपने-अपने घरों के समीप सोख्ता गड्ढों का निर्माण कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। यह कार्य आवा पानी झोंकी अभियान के अंतर्गत किया गया, जो जिलेभर में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाया जा रहा है। पूर्व में जिले में 660 से अधिक सोख्ता गड्ढों के निर्माण कर गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराया जा चुका है। इन सभी संरचनाओं को जियो टैगिंग कर जेएसजेबी 2.0 मॉड्यूल में ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। इस मुहिम को और गति देते हुए जिले में 24 से 30 जुलाई तक जल संरक्षण सप्ताह भी मनाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि प्रकृति ने कोरिया को अकूत संपदा दी है, इसे बचाने, संवारने की जिम्मेवारी हम सबकी है।


बनाएं गए सोख्ता गड्ढे

सीएम विष्णु देव साय के मंशानुरूप हमने आने वाली पीढ़ी के लिए जल संरक्षण व भूमिगत जल के लिए ऐसे उपाय एक वरदान होगा। वर्षा जल को अधिकतम मात्रा में संरक्षित कर हम वर्तमान व भावी पीढ़ी को जल संकट से बचा सकते हैं। वहीं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में सभी विभागों के सहयोग से जलसंरक्षण के लिए लगातार संरचनाएं बनाई जा रही हैं। सभी नव निर्मित जल संरचनाओं को जेएसजेबी 2.0 में दर्ज किया जा रहा है। प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और मीडिया के सहयोग से कोरिया जिले में जल संरक्षण को जनांदोलन बनाया जा रहा है।

### 24 हजार पौधे लगाए

पीएम आवास योजना के अंतर्गत जिले में पक्के आवास प्राप्त करने वाले 8 हजार से अधिक हितग्राहियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया है। प्रत्येक हितग्राही ने अपने आवास के पास तीन-तीन पौधे रोपकर कुल 24 हजार पौधों का रोपण किया। ये पौधे एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लगाए गए हैं, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी भी हितग्राहियों ने स्वयं ली है। वहीं मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत सोनहत विकासखंड के ग्रामीण किसानों ने प्रशासन की अपील पर अपने खेतों में 5 प्रतिशत मॉडल लागू किया है। इसके तहत किसानों ने अपने खेतों में निश्चित आकार के सीढ़ीनुमा गड्ढे तैयार किए हैं ताकि वर्षा जल का संग्रहण और भूजल पुर्नभरण हो सके, इससे क्षेत्र का जल स्तर बढ़ने में मदद मिलेगी। जिले में अब तक एक हजार से अधिक किसानों ने यह मॉडल अपनाया है।

# सिद्धबाबा धाम में होगा विशेष रुद्राभिषेक



**मनेन्द्रगढ़।** श्रावण मास की तीसरी सोमवारी के पावन अवसर पर आज श्री सिद्ध बाबा धाम में विशेष रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति द्वारा सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। भक्ति व श्रद्धा के वातावरण में कल प्रातः से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने की संभावना है।

इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा कावड़ यात्रा भी निकाली जाएगी। कांवड़िए पवित्र जल लेकर जयकारों के साथ मंदिर परिसर पहुंचेंगे और भगवान शिव का विधिवत जलाभिषेक करेंगे। कार्यक्रम में नगर व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में शिवभक्तों के पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। मंदिर समिति द्वारा रूद्राभिषेक की सभी आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था की गई है। साथ ही, श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद, जलपान और विश्राम स्थल की व्यवस्था भी की गई है।

### महाकाल की तर्ज पर होता है विशेष श्रृंगार

मनेन्द्रगढ़ स्थित सिद्ध बाबा पहाड़ी, जहां पर केदारनाथ धाम की तर्ज पर भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है। यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए केवल पूजन-स्थल नहीं, बल्कि आस्था, शांति और दिव्यता का प्रतीक बन चुका है। सिद्ध बाबा धाम की यह पावन पहाड़ी पर स्थित भगवान शिव का भजन मंदिर अपनी वास्तुकला व आध्यात्मिक वातावरण के लिए प्रसिद्ध है। यहां दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन करने व शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से पहुंचते हैं। विशेष बात यह है कि इस मंदिर में हर सोमवार को उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया जाता है। श्रृंगार के दौरान शिवलिंग को विविध पुष्पों, वस्त्रों व भस्म से सजाया जाता है।










## एमएसएमई उद्यमियों के लिए इंडस्ट्री और बैंकर्स मीट का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के विकास और वित्तीय समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रैम्प योजना के तहत इंडस्ट्री और बैंकर्स मीट का आयोजन होटल राम सेतु बैकुंठपुर में 25 जुलाई को किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शारदा गुप्ता ने की। मीट के दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक मितवा बड़ा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। औद्योगिक नीति 2024-30, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजन, जीएसटी, कच्चामाल की उपलब्धता आदि विषयों पर क्रमशः सीए अरिहंत जैन, सीए हिमांशु अग्रवाल, सीए स्वयम गोयन और सीए विष्णु साहू ने तकनीकी जानकारी साझा की। बैंकिंग क्षेत्र की ओर से भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक रमाकांत सोनी और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अग्रणी जिला प्रबंधक शशिभूषण पाटक ने शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, दस्तावेजों की प्रक्रिया और ऋण से जुड़ी जानकारियां साझा कीं।

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा में दिखी तगड़ी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में 27 जुलाई को छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा कोरिया जिले के 10 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई।

प्रशासन द्वारा पूर्व में की गई ठोस तैयारियों का असर परीक्षा केन्द्रों में साफ नजर आया। कुल 3,166 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 577 अनुपस्थित रहे, वहीं 2,589 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में सभी केन्द्रों में सुरक्षा और निगरानी के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पूर्व केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य किया गया था। मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घंटे पूर्व बंद कर दिया गया। प्रत्येक परीक्षार्थी की हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर व मैनुअल तलाशी ली गई। हर केन्द्र में एक महिला और एक पुरूष पुलिसकर्मी की तैनाती रही। जानकारी के अनुसार शासकीय रामानुज स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पंजीकृत- 480, अनुपस्थित 83, शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पंजीकृत-540, अनुपस्थित 101, शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पंजीकृत-480, अनुपस्थित 77, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में पंजीकृत 300, अनुपस्थित 50, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल, महलपारा में पंजीकृत 180, अनुपस्थित 29, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल बैकुंठपुर में पंजीकृत 240, अनुपस्थित 40, स्वामी आत्मानन्द हिंदी स्कूल खरवत में पंजीकृत 180, अनुपस्थित 41, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका में पंजीकृत 300, अनुपस्थित 70, सेंट जोसेफ इंग्लिश स्कूल रामपुर में पंजीकृत परीक्षार्थी 300, अनुपस्थित 70 तथा सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर में पंजीकृत 166, अनुपस्थित 41 रहे।


परीक्षा केन्द्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी ।

### प्रशासनिक निगरानी रही मजबूत

परीक्षा की निगरानी के लिए 10 ऑब्जर्वर, 5 रिजर्व टीमें और उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। अब परीक्षार्थियों को परिणाम की प्रतीक्षा है, जो व्यापमं द्वारा निर्धारित तिथि पर घोषित किया जाएगा।

### अभ्यर्थियों ने सराहा व्यापमं का प्रयास

परीक्षार्थियों ने व्यापमं की पारदर्शी व्यवस्था की सराहना की। चरचा निवासी हेमा राजवाड़े ने बताया कि व्यवस्था अच्छी थी, पेपर भी सरल था। एक परीक्षार्थी ने बताया कि फूल सलवार शूट को नियमानुसार हाफ करवा कर परीक्षा में शामिल हुई। कुसहा निवासी एक परीक्षार्थी ने कहा कि फुल आस्तीन की शर्ट पहन आया था, पास से हाफ बनियान खरीद कर परीक्षा दी।










**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2024-25

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमेश कुमार सोनी आ. स्व. हुसैनी साव उम्र 60 वर्ष निवासी रिंग रोड नमनाकला नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम नमनाकला तहसील अम्बिकापुर प.ह.न.-20 स्थित व्यपवर्तित भूमि खसरा नंबर 396/5 रकबा 0.031 हे. में से रकबा 0-0.014 हे. को अपनी पत्नी अनावेदिका श्रीमती पुष्पा सोनी पति उमेश कुमार सोनी निवासी रिंग रोड नमनाकला नगर अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पक्ष में दान करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 13.08.2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः-22/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर, सरगुजा**















## खबर संक्षेप



### करंट से दम्पती की मौत के बाद परिजन से मिले विधायक

**अंबिकापुर।** करेंट की चपेट में आकर दम्पति की मौत के बाद विधायक ने मृतक के परिजन से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने शासन की योजना के तहत मुआवजा प्रदान कराने हेतु पहल की। बता दें कि 22 जुलाई को गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम मुडेसा अवराडुगु निवासी 56 वर्षीय करीमन आ. जागर साय पत्नी 52 वर्षीय दिलकुंवर गोंड खेत में पानी पटाने के लिए मोटर पंप को तार से जोड़ते समय करेंट की चपेट में आ गए थे। इस दुर्घटना में दम्पति की मौके पर मौत हो गई थी। इस घटना में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। वहीं इस घटना के बाद विधायक राजेश अग्रवाल ग्राम मुड़ेसा पहुंचे जहां उन्होंने मृतक के परिजन से मुलाकात कि। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की व शासन से मिलने वाले मुआवजे की प्रक्रिया की जानकारी दी एवं स्वयं की ओर से भी परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं उन्होंने परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### एनएसयूआई ने कृषि महाविद्यालय के छात्रों से की मुलाकात



**अंबिकापुर।** एनएसयूआई ने कृषि महाविद्यालय और छात्रावास में व्याप्त समस्याओं को लेकर छात्रों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने छात्रों ने पढ़ाई के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। बता दें कि एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु जायसवाल के नेतृत्व में कृषि महाविद्यालय एवं छात्रावास में रह रहे छात्रों के विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के साथ साथ उनके छात्रावास में प्रबंधन को लेकर बात की। बैठक के बाद आंदोलन के माध्यम से सभी मांगों को पूरा करवाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई। छात्र हित के लिए एक समिति बनाए जाने का निर्णय लिया गया। समिति महाविद्यालय प्रशासन से चर्चा कर आने वाले समय में कृषि महाविद्यालय के छात्रों को शासन की योजना का लाभ दिलाने के साथ अन्य विषयों पर पहल करेगी। इस दौरान जिला अध्यक्ष आशीष जायसवाल, विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, गौतम गुप्ता, वैभव पांडे एवं कृषि महाविद्यालय से महेंद्र सिंह, आदित्य यादव एवं अन्य उपस्थित रहें।

### राजस्व पटवारी संघ की बैठक में हुई मांगों पर चर्चा

**अम्बिकापुर।** राजस्व पटवारी संघ की बैठक में विभागीय कार्यों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई एवं सर्वसम्मति से एग्री स्टेक गिरदावली में सर्वेयर की नियुक्ति तहसीलदार स्तर पर करने, कर्मचारियों का सर्विस बुक संधारण एवं सत्यापन हर वर्ष कराने, पात्र पटवारियों को समय सीमा में समयमान वेतनमान स्वीकृत करने, पटवारियों की पदक्रम सूची हर वर्ष प्रकाशित करने, भू राजस्व संहिता एवं नियमावली पर कार्यशालाएं आयोजित करने एवं भूमि विक्रय के लिए नकल नहीं जारी करने डीएस टोकन के लिए प्रतिवर्ष मानदेय भुगतान करने अथवा शासन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराने की मांग की। बैठक में सभी राजस्व पटवारी उपस्थित थे।

### एक पेड़ मां के नाम किया गया पौधरोपण



**वाड्रफनगर।** शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत औषधीय, फलदार, छायादार एवं पर्यावरणीय महत्व के पौधों का रोपण महाविद्यालय परिसर, अस्पताल परिसर, वृद्धा आश्रम परिसर व सड़क के किनारे किया गया। अभियान के तहत हर्रा, बहेरा, नीम, अर्जुन, आम, जामुन, करंज आदि के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में नपं अध्यक्ष मानसिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र द्विवेदी, प्राचार्य डॉ.सुधीर कुमार सिंह सहित पार्षदों ने पौधारोपण किया। इस दौरान नपं अध्यक्ष ने कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। हमें हर अवसर पर पौधरोपण कर उनका संरक्षण करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। मंडल अध्यक्ष ने पौधों की सुरक्षा के प्रति प्रेरित किया। प्राचार्य ने औषधीय पौधे का महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण के तरीकों को बताया। इस दौरान डॉ.तोयज शुक्ला, रजनीकांत साहू, जगदीश खुसरो, डॉ.बलराम साहू, पंकज कुमार, अशोक एक्का एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

स्वच्छाग्राही समूह कर रहे संचालित

# शौचालय का ऐसा मॉडल जो उपलब्ध करा रहा लोगों को रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण क्षेत्रों में व एनएच किनारे बने सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव और उपयोगिता को लेकर सरगुजा जिले में एक अच्छी पहल की गई है। अब शौचालयों के बाहर एक अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कराकर लोगों को समूह की महिलाओं व लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध करा दिए गये है। समूह की महिलाएं व ग्रामीण इन दुकानों का संचालन करने के साथ ही शौचालयों की देख रेख भी कर रहे है। इससे ना सिर्फ सामुदायिक शौचालयों की उपयोगिता बढ़ गई है बल्कि लोगो को रोजगार भी मिल गया है।

**खास बात**
- हो रही 18 से 20 हजार तक की कमाई

बता दें कि शासन द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरी के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है। सामुदायिक शौचालय एनएच किनारे, पर्यटन स्थल के साथ ही ऐसे स्थानों पर बनाए गए है जहां लोगों का आवागमन अधिक होता है। इन शौचालयों के निर्माण के बाद सबसे बड़ी समस्या यह थी कि मेंटेनेस के आभाव में ना सिर्फ इनके भवन जर्जर हो जाते थे बल्कि साफ़ सफाई का आभाव भी रहता था। देख रेख के आभाव में शौचालय बंद ही मिलते थे।



सामुदायिक शौचालय।

#### कमा रहे 18 से 20 हजार रुपए तक

सामुदायिक शौचालयों का जिम्मा स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छाग्राही समूहों को दिया गया है। समूह से जुड़ी ग्राम पुटा गांव कि महिला शमिला ने बताया की शौचालय के साथ बनी दुकान का संचालन वे कर रही है इसके साथ ही वे शौचालय का रख रखाव करती है। इस दौरान दुकान के संचालन से वे 15 से 20 हजार रुपए तक कमा रही है। इसी तरह रजपुरी ग्राम में बैगा राम नामक व्यक्ति द्वारा इस सामुदायिक शौचालय के बाहर बने दुकान में लोगों की जरूरत के सामानों की बिक्री के साथ ही सीएससी सेंटर का भी संचालन किया जा रहा है।

#### तीन विभागों से मिली राशि

बताया जा रहा है कि पूर्व में जिन शौचालयों का निर्माण कराया जाता था उनकी अनुमानित लागत 3.5 लाख तक होती थी लेकिन अब जो सर्वसुविधा युक्त दुकानों के साथ शौचालय बनाए जा रहे है इनकी 12 से 16 लाख तक होती है। शौचालय के निर्माण में 3 विभागो का सामूहिक पैसा लगता है। पहली राशि स्वच्छ भारत मिशन से जारी होती है, इसके बाद मनरेगा और फिर ग्राम पंचायत भी इसके निर्माण में पैसा देता है। नए मॉडल शौचालयों में सुविधाओं की बात करें तो इसमें महिला पुरुष के अतिरिक्त दिव्यांग जन के लिए अलग और थर्ड डेंजर के लिए अलग शौचालय बनाए गए हैं। शौचालय परिसर में शिशुवती माताओं द्वारा बच्चों को स्तनपान कराने के लिए बेबी सीटर की भी व्यवस्था की गई और साथ में एक दुकान भी शौचालय में बनाई गई है।

सरगुजा जिले की बात की जाए तो जिले भर में लगभग 450 सामुदायिक शौचालय बनाए गए है लेकिन इनमें से 25 शौचालय नए मॉडल के तहत बनाए गए हैं। इन नए मॉडल के 25 सामुदायिक शौचालयों के बाहर अलग से दुकानों का निर्माण कराने के बाद इनका आबंटन स्वछाग्राही समूह को किया गया है। इन शौचालयों के बाहर बनाए गये दुकानों का संचालन स्वच्छाग्राही समूह कर रहे है जिससे उन्हें आर्य अर्जित हो रहा है। इसके साथ ही इन समूहों के जिम्मे ही शौचालयों के रख रखाव व साफ सफाई का जिम्मा है। समूह के लोग यहां नियमित रूप से सफाई कर रहे है जिससे इन शौचालयों की उपयोगिता भी बढ़ गई है। वहीं अब जिला पंचायत स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए सभी सामुदायिक शौचालयों को इसी माडल की तर्ज पर विकसित करने की योजना बना रहा है।

#### किया गया है नवाचार

जिलेभर में सामुदायिक शौचालय बने हुए है। शासन की ओर से नवाचार किया गया है कि हमें इन्हें स्थायित्व की ओर ले जाना है। उपयोगिता नहीं होने के कारण भवन खंडहर हो जाएंगे। इसलिए उसमे दुकानें निकालकर स्वछाग्राही समूहों को दिया गया है जिसमे वो अपनी आजीविका भी चला रहे है। जिले में कुल 25 सामुदायिक शौचालय है जिनमे दुकाने खोली जा चुकी है और उनमे यूजर चार्ज लिया जा रहा है। कई समूह महीने में 18 से 20 हजार रुपए तक कमाई कर रही रहे है।

-स्वेच्छा सिंह, जनपद सीईओ



## उत्साह के साथ मनाया गया सीआरपीएफ का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 62वीं बटालियन के मुख्यालय में कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में सीआरपीएफ का 87वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कमाण्डेंट श्री सिंह ने बटालियन के क्वार्टर गार्ड में शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी एवं गार्ड की सलामी ली।

- परिसर में किया गया पौधरोपण, हुआ बॉलीबाल मैच

कार्यक्रम में कमाण्डेंट श्री सिंह ने उपस्थित अधिकारी एवं जवानों का अभिनंदन किया एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का देश की सेवा में योगदान, बलिदान और इसके गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्ष 1939 में 27 जुलाई को इस बल का क्राउन रिप्रजेन्टेटिव पुलिस के नाम से गठन हुआ था। देशी रजवाड़ों के बीच शांति-व्यवस्था और सौहार्द स्थापित करने के लिए बल की प्रथम बटालियन मध्य प्रदेश राज्य के नीमच में सबसे पहले गठित की गई थी। आजादी के बाद प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपनी दूरदर्शिता से बल की बहुआयामी भूमिका को समझा और आजादी के बाद इसे केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल नाम दिया। केवल एक बटालियन के रूप में गठित यह बल आज 247 बटालियनों की नफरी के साथ विश्वभर का सबसे बड़ा अर्द्धसैनिक बल बन गया है। उन्होंने 21अक्टूबर 1959 में हॉट स्प्रिंग में 8 व 9 अप्रैल 1965 में कच्छ के रण के सरदार पोस्ट पर 13 दिसम्बर 2001 में भारतीय संसद पर हुए आतंकवादी हमले में राम जन्मभूमि, बाबरी मस्जिद अयोध्या पर हुए हमले में बल के जवानों ने देश प्रेम एवं वीरता का परिचय देते हुए अपना बलिदान देकर अपने कर्तव्यों को पूर्ण करने वाले जवानों के बारे में बताया। 62वीं वाहिनी के गौरवशाली इतिहास का विशेष उल्लेख करते हुए इस बटालियन के आज तक कुल 84 शहीद जवानों को याद कर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बटालियन परिसर में पौधरोपण किया गया। संध्याकाल में वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसमें सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## विद्यालयीन स्तरीय प्रोत्साहन कप फुटबॉल को लेकर तैयारी शुरू, 1 अगस्त को होना है उद्घाटन मैच

**बिश्रामपुर।** जिला फुटबॉल संघ सूरजपुर बिश्रामपुर के तत्वावधान में 1 अगस्त से शुरू हो रही विद्यालय स्तरीय भव्य फुटबॉल प्रतियोगिता प्रोत्साहन कप में जिले के नामी 16 विद्यालयों की टीमें एक-दूसरे से मैच खेलेंगी लेंगी।प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह है,वहीं स्कूलों की टीम इस प्रतियोगिता के लिए कैसे महीनों से तैयारियो में लगी है।प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच 1अगस्त से होना है,जिसमें प्रतिदिन दो मुकाबले खेले जाएंगे, 9 अगस्त तक चलने वाले लीग राउंड के बाद क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फिर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा।स्पर्धा में चार पूलों ए, बी, सी व डी में विभाजित कुल 16 स्कूलों की टीम मैदान में प्रतिस्पर्धा को तैयार हैं। जानकारी अनुसार पूल ए में डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर, आदर्श विद्या निकेतन, लक्ष्मीपुर, राजकुमार पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर, पूल बी में कार्मेल कान्वेंट स्कूल बिश्रामपुर, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लटोरी, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बतरा, गुरुकुल स्कूल शिवनंदनपुर, पूल सी में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में जयनगर, स्वामी आत्मानंद विद्यालय बिश्रामपुर, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कन्दरई एवं पूल डी में ज्ञानसागर मिशन स्कूल लटोरी,स्वामी आत्मानंद विद्यालय जयनगर, ओरिएंटल पब्लिक स्कूल अंबिकापुर, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल डुमरिया की टीमें हिस्सा लेंगी। उद्घाटन समारोह 1 अगस्त को दोपहर 1 बजे होगा, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और समाजसेवियों की उपस्थिति रहेगी।

## नगर से बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी की कांवर यात्रा निकलेगी आज

**बिश्रामपुर।** प्रतिवर्ष पवित्र श्रावण माह में बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी बिश्रामपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किए जाने वाले विशाल कांवर यात्रा का आयोजन आज तीसरे सोमवार 28 जुलाई को होने जा रहा है।बजरंग दल के सुजीत सिंह व प्रहलाद निषाद ने बताया कि इस वर्ष कांवर यात्रा के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर में यात्रा को भव्यता देने पूरे नगर को भगवा ध्वज,तोरण और पताखों से सजाया गया है। इसके अतिरिक्त पूरे जिले सहित सरगुजा संभाग के अलग अलग जिलों से भोले बाबा के भक्तों को कांवर यात्रा में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया गया है।उन्होंने बताया कि कांवर यात्रा में महाकाल बाबा की पालकी,भस्म होली श्रृंगार सहित शैला सुआ नृत्य मुख्य आकर्षण के केंद्र रहेंगे।यात्रा प्रातः 6 बजे रेड़ नदी से आरंभ होगी जो मुख्य मार्ग एनएच 43 होते नगर का भ्रमण करते हुए केनापारा समलेश्वरी महामाया प्रांगण स्थित रामेश्वरम शिव मंदिर में जल अभिषेक कर संपन्न होगी,केनापारा में श्रद्धालुओं के लिए आयोजकों द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है।

- महाकाल की पालकी,भस्म होली श्रृंगार रहेगा आकर्षण का केंद्र



## सैनिक स्कूल में मना कारगिल विजय दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भारत-पाकिस्तान के मध्य 1999 में हुए कारगिल युद्ध में भारत को प्राप्त गौरवमयी विजय की स्मृति में सैनिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम कैडेट स्पंदन यादव और कैडेट राज पीयूष यादव के भाषण के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने कारगिल युद्ध की पृष्ठभूमि, भारतीय सेना की चुनौतियां और वीर सैनिकों की अमिट गाथाओं को साझा किया। कैडेट अमन शर्मा कविता के माध्यम से बलिदान की भावना को व्यक्त किया। प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने शैक्षिक कर्मचारियों एवं कैडेटों की उपस्थिति में कैप्टन विक्रम बत्रा की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित किया जबकि प्रशासनिक अधिकारी लीडर जेम्स नायर ने कैप्टन मनोज पाण्डेय की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर सैनिकों को श्रद्धाजंलि दी। इस दौरान कारगिल के अमर शहीदों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कर्नल रीमा सोबती ने कहा कि कैडेट इन सैनिकों के जीवन से प्रेरणा लें और देश सेवा के लिए सदैव तैयार रहें।

### मां महामाया मंदिर परिसर स्थित 6 बेल पेड़ बने आस्था के केन्द्र

**अम्बिकापुर।** रामानुजगंज के प्रमुख आस्था के केंद्रों में एक मां महामाया मंदिर परिसर में 6 बेल के पेड़ स्थित है जो पूरे सावन भर यहां पहुंचने वाले सैकड़ो लोगों के बेलपत्र की पूर्ति करते हैं। मान्यता है कि बेलपत्र यहां से कितना भी टूटे परंतु कम नहीं होता है पूरे सावन भर यहां बेलपत्र टूटे रहते हैं परंतु भक्तों के लिए यह कम नहीं पड़ता। गौरतलब है कि सावन महीने में शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने का विशेष महत्व है। सुबह से ही मां महामाया मंदिर परिसर में बेलपत्र तोड़ने वालों की भीड़ देखी जा सकती है। यहां प्रतिदिन बेलपत्र तोड़ने आने वाले नगर के वार्ड क्रमांक 11 निवासी लल्लू गुप्ता बताते हैं कि बचपन से ही यहां बेलपत्र तोड़ने आता हूं। बेलपत्र घर में पूजा के लिए ले ही जाता हूं वही यहां पहुंचने वाले दर्जनों लोगों को बेलपत्र तोड़कर देता हूं परंतु आज तक यहां ऐसी स्थिति नहीं हुई है कि बेलपत्र की कभी कमी हुई हो। मां महामाया मंदिर के पुजारी जितेंद्र पांडे बताते हैं कि कई दशकों से मंदिर परिसर में स्थित बेल के पेड़ पूरे सावन भर बेलपत्र की पूर्ति करते हैं परंतु यहां बेलपत्र की कभी कमी नहीं होती है। श्री पांडे ने सभी से अधिक से अधिक पौध रोपण करने की बात कही खासकर बेल, पीपल, बरगद, नीम जैसे धार्मिक महत्व के पौधे अधिक से अधिक संख्या में होने ही चाहिए।



## सड़क निर्माण के कारण जलमग्न हुए खेत नाली बनाकर की गई पानी निकासी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अम्बिकापुर शहर से लगे नवाबांध में सड़क निर्माण के चलते जलमग्न हुए सौ एकड़ से अधिक खेतो से जल निकासी की व्यवस्था पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव के पहल पर कराई गई।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता पूर्व उपमुख्यमंत्री सिंहदेव के मंशानुरूप आज तड़के नवाबन्ध पहुचें। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर जेसीबी से कच्ची नाली बनाकर खेतो से पानी निकालने की व्यवस्था की। जरूरत के अनुसार ह्यूम पाइप लगाकर आस्थयी रूप से पुलिया के निर्माण कराया गया। पूर्व जिपं उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया लोक निर्माण विभाग द्वारा नवा बांध क्षेत्र में सड़क निर्माण कराया गया है। सड़क में प्रावधान के बावजूद नाली का निर्माण नहीं कराया गया जिससे सड़क के दोनों ओर के सैकड़ो एकड़ खेत जलमग्न हो गए थे। तालाब बन चुके खेत मे किसान धान की रोपाई नहीं कर पा रहे थे। प्रशासनिक तंत्र को इस समस्या से अवगत कराने के बाद भी कोई पहल नही हुई तो किसानों ने पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव से मदद की गुहार लगाई। श्री सिंहदेव की पहल पर निजी संसाधनों से पानी निकालने की व्यवस्था की गई। खेत से पानी निकल जाने के बाद अब कतकालो और नवाबान्ध के किसान धान की फसल ले सकेंगे। इस दौरान पारस राजवाड़े, पवन राजवाड़े, अनिल राजवाड़े, सोहन राजवाड़े, हरिशंकर राजवाड़े, सरपंच नरेश सिंह, मुकुल राजवाड़े, रामचंद्र राजवाड़े, अरुण कुजूर, रामचरित राजवाड़े समेत अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।



### शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया कारगिल विजय दिवस

साईं कॉलेज में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ.आरएन शर्मा ने कहा कि युद्ध हथियारों के साथ ही तकनीकी और साहस से लड़ा जाता है। कारगिल युद्ध में हमारे जवानों ने अविस्मरणीय जोश और जज्बे का परिचय दिया था। भारतीय जवान युद्ध के मोर्चे पर हमेशा सफल रहे है। तात्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पाकिस्तान की धमकियों पर सीधा जवाब दिया था, युद्ध पाक ने शुरू किया है और उसे ही अपनी सेना हटाना होगा। पाकिस्तान को आखिरी अंजाम तक सबक सिखायेंगे। डॉ.अजय कुमार तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान हमेशा साजिश करता है। कारगिल युद्ध भी उसकी साजिशों का परिणाम है। ठंड के दिनों में दोनों ओर की सेना अपनी चौकियों को खाली कर लौट आती है। उस समय पाकिस्तानी सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ घुसपैठ कर चौकियों पर कब्जा जमा लेते हैं। ठंड खत्म होने के बाद चौकियों पर कब्जे की जानकारी स्थानीय चरवाहे से मिलती है। पाकिस्तान घुसपैठ के इस कारनामें को मुजाहिद्दीनों की हरकत बताता था जबकि नार्दन लाइन इन्फ्रें ट्री युद्ध लड़ रही थी। ऑपरेशन सफेद सागर चलाकर सेना ने अपने शौर्य का परिचय दिया तो आर्मी ने द्रास, बटालिक, तोलोलिंग पर जमीनी कार्रवाई करते हुए सफलता हासिल की। इस लड़ाई में बोफोर्स तोप ने सटीक निशाने पर हमला किया जिससे पाकिस्तान पस्त हो गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र दास सोनवानी ने किया। इस दौरान अरविन्द कुमार तिवारी, विवेक कुमार गुप्ता सहित सभी प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## बेलसोता नाला पुल से आवागमन बंद होने के बाद सांसद ने गांव में ही अस्थाई स्कूल संचालन कराने दिया भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- सांसद ने वीडियो कॉल से सुनी ग्रामीणों की समस्याएं
- कन्द्रई बासेनपारा वैकल्पिक मार्ग की भी मरम्मत कराने दिया गया है आश्वासन



ग्राम कैलाशपुर व राजापुर के मध्य स्थित बेलसोता नाला पुल के लगातार बारिश की वजह से जर्जर होकर बीच से धंस जाने की स्थिति में प्रशासन द्वारा गत दिनों उक्त मार्ग पर आवागमन बंद करा दिया गया है।मार्ग बंद होने से स्थानीय ग्रामीणों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

रविवार को युवा नेता अंकित दुबे की पहल पर सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज से वीडियो काल के माध्यम से संपर्क कर ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया है।सांसद द्वारा आमजन को हर संभव मदद का भरोसा दिया गया है।गौरतलब है कि ग्राम राजापुर व कैलाशपुर के मध्य स्थित बेलसोता नाला पर पीएमजीएसवाई अंतर्गत सड़क व पुल निर्माण कार्य करीब 22 वर्ष पूर्व कराया गया था,लेकिन लगातार बारिश की वजह से पुल में गहरी दरारें और दो पिल्लर्स में क्रैक के साथ नींव धंसने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। यह पुल राजापुर और आसपास के दर्जनों गांवों को सूरजपुर-अंबिकापुर मार्ग से जोड़ने का महत्वपूर्ण साधन है, लेकिन अब यह जोखिम भरा बन चुका है। पुल जर्जर होकर बीच से कुछ हिस्सा धंस जाने की सूचना पर सुरजपुर एसडीएम शिवानी जायसवाल के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंच उक्त पुल के मार्ग पर दोनों ओर से बांस व झाड़ियों से आवागमन बंद करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अब राजापुर गांव से कैलाशपुर हायर सेकेंडरी स्कूल व मिडिल स्कूल में पढ़ने जाने वाले बच्चों की पढ़ाई भी पूरीतरफ प्रभावित हो गई है।मामले में रविवार को युवा नेता अंकित दुबे ने प्रभावित गांव में पहुंचकर जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की, साथ ही आमजन की तत्काल मौके से ही सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज से वीडियो काल करके बात कराया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने सांसद को परेशानियों से अवगत कराया,जिस पर सांसद चिंतामणि महाराज द्वारा जल्द ही आमजन को राहत दिलाए जाने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने का भरोसा दिया है।सांसद ने स्कूली बच्चों की आवागमन में हो रही दिक्कतों के मद्देनजर गांव में ही अस्थाई हायर सेकेंडरी स्कूल शुरू कराने और कंदरई बासेनपारा मार्ग की बदहाल स्थिति सुधारने हेतु फिलहाल डब्ल्यूबीएम तकनीक से मुरुम डलवाने सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया है।बताया गया कि सोमवार 28 जुलाई को शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों की उपस्थिति में राजापुर गांव में ही वैकल्पिक व्यवस्था के तहत हायर सेकेंडरी स्कूल का संचालन शुरू करने की पहल की जाएगी।ग्रामीणों ने सांसद से न केवल तत्कालिक राहत बल्कि पुल के पुनर्निर्माण या मरम्मत के लिए स्थाई समाधान की मांग भी कीहै।

सांसद के साथ वीडियो कॉल में बातचीत के दौरान सरपंच अमर सिंह,उप सरपंच नेतलाल राजवाड़े, रामशरण यादव, संतोष राजवाड़े, दिलेश्वर प्रजापति, मोहरलाल, प्रकाश प्रजापति, पुष्पाल राजवाड़े, डीकेस प्रजापति, महेश राजवाड़े,दुधनाथ राजवाड़े सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ. आशीश कुमार जायसवाल, जनरल फिजिशियन | डॉ. हेमन्त कुमार बी, MBBS, DCH, DNB, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय, MBBS, DNB Ortho, हड्डी रोग विशेषज्ञ | डॉ. प्रवीन कुमार सिंह, जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन |
| डॉ. मनोज भारती, MBBS, MS, हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ | डॉ. ओम प्रकाश पंडित, MBBS, DNB (Ortho) MNAMS (Lilavati Hospital Mumbai), हड्डी रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. सोनल गार्डिया, MBBS, MS(General Surgeon), जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन | डॉ. भावना गार्डिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.जी.के.दामले, MS, ENT | डॉ. नताशा शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. रोशन आरा, एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस | डॉ. हिमांशु गुप्ता, MD ONCO, कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. संगिता भारती, चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ | डॉ. कमल नारायण गुप्ता, श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विषेशज्ञ |
| डॉ. संदीप गुप्ता, MBBS, DCH मुंबई | डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य, जनरल फिजिशियन |
| डॉ. राहूल शामकांत जाधव, एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट | डॉ. सुरभि, BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology), दंत एवं मुख विशेषज्ञ |
| डॉ. आयुशी गुप्ता, न्युरो (पेन फिजिशियन) | डॉ. मीना राव, आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट |
| 1.5 TESLA MRI | डॉ. हेमलता साहू, फिजियोथैरेपी |

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262839090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### करैत सांप की दुर्लभ प्रजाति अहिराज को स्नैक मैन ने रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**बिश्रामपुर।** बारिश के दिनो में साँप सहित जहरीले जीव जंतुओं के दिखाई देने की घटनाएं सामने आ रही है। सर्पदंश से ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर इलाज की व्यवस्था नहीं होने से कई बार पीड़ित की जान भी चली जाती है। सांप की प्रजातियों को लेकर भी कई बार चर्चा भी होती है बिश्रामपुर में हाल के दिनों में डंडा करैत सांप की दुर्लभ प्रजाति बेंडिट करैत जिसे बोलचाल की भाषा में अहिराज भी बोला जाता है के दिखाई दिए जाने की खबर है। शुक्रवार को उक्त सांप के बिश्रामपुर स्थित साईं मंदिर के पीछे हॉस्पिटल कॉलोनी में दिखाई देने के बाद कई लोग डर से सहम गए। इसके बाद स्थानीय लोगों ने नगर के स्नैक मैन कन्हैया दुबे को फोन पर सूचना दी तत्पश्चात टीम के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे कन्हैया दुबे और उनकी टीम के सदस्यों ने अहिराज सांप का रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया है। श्री दुबे ने बताया कि आम तौर पर यह प्रजाति सरगुजा में नहीं दिखाई देती है ऐसे विरले मामलों में यह सर्प दिखाई देता है जो काफी जहरीला होता है।



### परीक्षा में बीएससी के छात्र-छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रामचंद्रपुर।** शासकीय महाविद्यालय के सत्र 2024-25 के बीएससी अंतिम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के माध्यम से महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। बीएससी अंतिम वर्ष में सीता पटवा ने 75 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है वहीं निरंजन गुप्ता ने 71.16 फीसदी, रविरंजन गुप्ता ने 69.3 फीसदी और आशा गुप्ता ने 67.16 फीसदी अंक अर्जित किया है। अंतिम वर्ष के 10 से अधिक छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। बीएससी द्वितीय वर्ष में दीपा यादव ने 71 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है साथ ही 9 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। सीता पटवा और दीपा यादव ने अब तक सर्वाधिक अंक अर्जित कर महाविद्यालय में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। प्राचार्य डॉ.सत्येन्द्र कुमार कश्यप, रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ.भूपेन्द्र कुमार सेन, वाणिज्य विभाग के गुलशन केरकेट्टा, वनस्पति शास्त्र विभाग के श्री उदय तथा प्राणी शास्त्र विभाग के डॉ.भूपेन्द्र कुमार साहू ने विद्यार्थियों की सराहना की है।

### बाड़ी योजनान्तर्गत 45 किसानों को किया गया आम एवं महोगनी पौधा वितरण

**बिहारपुर।** वाटरशेड आर्गेनाइजेशन ट्रस्ट द्वारा चांदनी क्षेत्र के 16 ग्रामों के 45 चयनित किसानों को बाड़ी गतिविधि के तहत आम्रपाली के 60 पौधे एवं महोगनी के 140 पौधे वितरित किया गया है। योजना का उद्देश्य किसानों को उद्यानिकी आधारित आजीविका को बढ़ावा देना एवं किसानों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है। इस दौरान किसानों को विभिन्न प्रशिक्षण देने के साथ ही भ्रमण कराया गया तथा पौधरोपण गड्ढा भराई एवं समय-समय पर खाद, सिंचाई एवं रोग व कीट प्रबंधन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण उपरांत उद्यानिकी कृषि के प्रति किसानों की रूचि बढ़ी है। कृषकों ने कहा कि अब तक वे पारम्परिक खेती पर निर्भर थे जिससे सिमित आमदनी होती थी अब इस गतिविधि से उनकी आय में वृद्धि होगी साथ ही उनके खेतों की उपयोगिता भी बढ़ेगी।



### बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलटा धान लोड ट्रक

**अम्बिकापुर।** ग्राम लहपटरा स्थित अम्बिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर धान लोड ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे 25 फीट गहरी खाई में पलट गया। ट्रक लखनपुर स्थित जय दुर्गा राइस मिल से धान लोडकर उत्तराखण्ड के लिए निकला था। जैसे ही ट्रक खेखरा नाला के पास पहुंचा सामने की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक को बचाने की कोशिश में अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया।

## 7 महीनों से खुले आसमान के नीचे पड़ा है करोड़ों का धान

# भारी बारिश से संग्रहण केन्द्र में रखे धान में अंकुरण एवं खराब होने की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में पिछले 7 महीने से खुले आसमान के नीचे पड़े करोड़ों का धान बारिश में तेजी से खराब हो रहा है। लगातार बारिश के कारण न तो नीलामी संग्रहण केंद्र का धान खरीदने वाले व्यापारी न ही कस्टम मिलिंग के लिए राइस मिलर ही धान का उठाव करने में रूचि ले रहे हैं। बारिश का यही हाल रहा तो संग्रहण केन्द्र में रखे धान को बचाना मुश्किल होगा।

**खास बातें**
- अब तक नहीं हो सका 46772 मिट्रिक टन धान का उठाव
- लगातार बारिश होने के कारण मिलर एवं व्यापारी नहीं ले रहे रूचि

मार्कफेड ने शहर के निकट ग्राम चिखलाडीह एवं सीतापुर में सड़क के किनारे के खेत को संग्रहण केन्द्र बनाया है। इन दोनों संग्रहण केंद्रों में वर्षों से खुले आसमान के नीचे धान का संग्रहण किया जा रहा है। पूर्व में धान खरीदी बंद होने के दो-ढाई माह के भीतर ही संग्रहित धान की व्यवस्था कर दी जाती थी तथा आवश्यकता के अनुरूप सरगुजा अथवा प्रदेश के दूसरे जिलों के राइसमिलरों के माध्यम से धान की कस्टम मिलिंग कराई जाती थी। इस बार अत्यधिक धान की खरीदी होने के कारण धान पिछले 7 महीनों से खुले आसमान के नीचे पड़ा है। संग्रहण केंद्रों में आवश्यकता से अधिक धान संग्रहित होने के कारण शासन ने इसे नीलाम करने का निर्णय लिया। जहां है, जैसा है की शर्त पर राइस मिलरों एवं व्यापारियों ने 19 रूपए प्रति किलो की दर से नीलामी का धान खरीदा। नीलामी में भी लंबे समय से खुले आसमान के नीचे पड़े संपूर्ण धान के खरीददार नहीं मिले तथा 60 हजार मिट्रिक टन धान की पूछ-परख नहीं होने के कारण बचा रह गया। शासन द्वारा नीलामी से बचे धान का कस्टम मिलिंग कराने का निर्णय लिया गया है विभाग ने एकीकृत सरगुजा अंतर्गत बड़ी संख्या में राइस मिलरों को डीओ भी जारी कर दिया है लेकिन लगातार बारिश होने के कारण न तो राइस मिलर न ही नीलामी में धान खरीदने वाले व्यापारी ही उठाव में रूचि ले रहे हैं। एक पखवाड़े पूर्व वर्षा की रफ्तार कम होने पर नीलामी में संग्रहण केंद्र का धान खरीदने वाले व्यापारी एवं डीओ हासिल करने वाले मिलरों ने धान का उठाव करना प्रारंभ किया था। इस दौरान स्टेक के नीचे की बोरियों का धान सड़ा होने के कारण व्यापारी नुकसान होने की बात कह रहे थे वहीं राइस मिलर नाक-भौं सिकोड़ रहे थे। प्रशासनिक दबाव में कुछ मिलरों ने कस्टम मिलिंग के लिए खराब धान का भी उठाव किया है। अब मिलरों ने संग्रहण केन्द्र के खराब धान का उठाव करने से इंकार कर दिया है।



खुले आसमान के नीचे भीगता धान।

### चावल की गुणवत्ता होगी प्रभावित

व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने जहां है, जैसा है की शर्त पर नीलामी में संग्रहण केन्द्र का धान खरीदा है। संग्रहण केन्द्र में धान के स्टेक के नीचे की बोरियों का धान खराब हो गया है। लम्बे समय से खुले आसमान के नीचे पड़ा होने के कारण इस धान के चावल की गुणवत्ता प्रभावित होगी इसलिए धान का उपयोग उसना चावल में किया जाएगा। दूसरी तरफ मिलर भारी आर्थिक नुकसान होने का हवाला देकर खराब धान का उठाव करने से इंकार कर दिया है। चर्चा है कि पिछले दिनों राइस मिलर एसोसिएशन की बैठक में मिलरों ने इस संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा खराब धान का उठाव नहीं करने का निर्णय लिया है। सूत्रों का कहना है कि कैप कवर के भीतर रखा हजारों बोरा धान खराब हो गया है।

### बीच खेत में संग्रहण केंद्र

मार्कफेड द्वारा खेतों के बीच में संग्रहण केन्द्र बनाया है। करोड़ों का धान रखने के लिए न तो पक्के प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है न ही सुरक्षा का कोई अन्य इंतजाम। जमीन के ऊपर धान की भूसी भरी प्लास्टिक को बोरियों के ऊपर धान का पहाड़ खड़ा कर कैप कवर से ढक दिया गया है। इस बार भारी बारिश होने के कारण तीन बार खेतों में जल जमाव हुआ। लगातार कई दिनों तक बारिश होने के कारण धान की भूसी भरी बोरियां गीली हो गई तथा नमी बढ़ने के कारण धान खराब हो गया। अत्यधिक नमी के कारण कैप कवर के नीचे रखा धान सड़कर काला पड़ गया है। धान की बोरियां भी काली हो गई है। विभाग के अधिकारी बीच-बीच में कैप कवर को उठाकर धान की गुणवत्ता का परीक्षण करने एवं निश्चित अंतराल में धूप दिखाने का भी दावा कर रहे हैं। लेकिन धान की हालत देखकर नहीं लगता है कि कभी कैप कवर को हटाया गया है। लगातार बारिश भी धान खराब होने का बड़ा कारण हो सकता है।

### दोनों केन्द्रों में 47 मिट्रिक टन धान

मार्कफेड द्वारा चिखलाडीह संग्रहण केन्द्र में 56408 मिट्रिक टन एवं सीतापुर में 35935 मिट्रिक टन धान का संग्रहण किया गया था। चिखलाडीह स्थित संग्रहण केन्द्र से अब तक 35872 मिट्रिक टन धान का उठाव हुआ है तथा 20536 मिट्रिक टन धान अभी भी बचा हुआ है। इसी तरह सीतापुर स्थित संग्रहण केन्द्र से 9699 मिट्रिक टन धान का उठाव हुआ है तथा 26236 मिट्रक टन धान के उठाव का इंतजार किया जा रहा है। धान उठाव में जितना अधिक विलंब होगा उतना ही अधिक धान खराब होगा।

### किये गए है सुरक्षा के उपाय

संग्रहण केन्द्र में संग्रहित धान की सुरक्षा के पर्याप्त उपाय किए गए है। पूर्व में धान का उठाव होने के दौरान पूरा धान गुणवत्तापूर्ण मिला है। लगातार बारिश होने के कारण मिलर व क्रेता धान का उठाव नहीं कर रहे हैं। मौसम साफ होते ही तेजी से धान का उठाव होगा।

-**अरूण कुमार विश्वकर्मा**, प्रबंधक, मार्कफेड

### नहीं उठाएंगे खराब धान

लगातार बारिश होने के कारण संग्रहण केंद्र में रखे धान के खराब होने की सूचना मिली है। मिलर खराब धान का उठाव नहीं करेंगे।

-**विनोद कुमार अग्रवाल**, अध्यक्ष, राइस मिलर एसोसिएशन

# गांव-गांव में हो रहा नशीली दवाओं का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

क्षेत्र में नशीली दवाओं का अवैध कारोबार गांव-गांव तक फैल गया है। गांव-गांव में नशीली दवाएं किराना दुकानों एवं पान ठेलों में धड़ल्ले से बिक रही है तथा बड़ी संख्या में किशोर एवं युवा नशीली दवाओं का उपयोग कर अपना भविष्य खराब कर रहे हैं। नशे के लगातार बढ़ रहे कारोबार एवं नशेड़ी युवाओं की बढ़ती संख्या लोगों के चिंता का कारण बन गया है।

- नशेड़ियों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि
- अवैध गतिविधियों को दे रहे अंजाम, लोगों में चिंता

नशीली दवाओं के प्रति क्षेत्र के किशोरों एवं युवाओं की रूचि लगातार बढ़ रही है। गांव-गांव में आसानी से नशीली दवाएं उपलब्ध होने के कारण कम उम्र के किशोर एवं युवा तेजी से इसके आदी बन रहे है। प्रारंभ में तो इसकी जानकारी किसी को नहीं मिल पाती लेकिन नशे का अभ्यस्त होने के बाद युवा अपनी पढ़ाई छोड़कर इधर-उधर भटकते देखे जाते है। बात-बात में लड़ाई-झगड़े करने के लिए हमेंशा तैयार रहने वाले युवा नशे की जरूरतें पूरी करने के लिए न केवल विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं बल्कि असामाजिक एवं अवैध गतिविधियों में शामिल होने से भी परहेज नहीं कर रहे है हाल के वर्षों में क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों में लगातार वृद्धि हो रही है जिसके कारण युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को माना जा रहा है। जब परिवार के सदस्यों को युवाओं के नशेड़ी बनने की जानकारी मिलती है तब तक काफी देर हो चुकी होती है तथा परिजन बेबस नजर आते है। अब तो कम उम्र के किशोर भी नशीली दवाओं का उपयोग कर रहे हैं जो लोगों के चिंता का विषय बन गया है। नशीली दवाओं के कारोबार में अच्छी कमाई होने के कारण गांवों में किराना दुकान व पान ठेला चलाने वाले व्यवसाई भी धड़ल्ले से नशा का कारोबार कर रहे है। नशीला कफ सिरप हो या नशे का इंजेक्शन आसानी से गांवों में उपलब्ध हो जा रहा है। धड़ल्ले से ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित इस अवैध कारोबार की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को भी है लेकिन अभी तक इस अवैध कारोबार पर लगाम लगाने की कोई पहल शुरू नहीं हो सकी है।

### जागरूकता जरूरी

क्षेत्र के जनप्रतिनिधि नशे की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे किशोरों एवं युवाओं की धारा मोड़ने के लिए गांव-गांव में सामाजिक संगठनों के सहयोग से नियमित जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत महसूस कर रहे हैं। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि युवाओं एवं किशोरों को नशा से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक कर उन्हें नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। युवाओं की दिशा बदलने से स्वस्थ समाज का निर्माण होगा तथा युवा शिक्षा एवं रोजगार की मुख्यधारा से जुड़ेंगे। क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहे नशे के अवैध व्यवसाय पर रोक लगाने की जरूरत बताई जा रही है। इस संबंध में विधायक रेणुका सिंह ने बताया कि युवाओं के में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति के लिए अवैध व्यवसाय पर प्रतिबंध लगाने की जरूरत है। कांग्रेस नेता नरेश राजवाड़े ने बताया कि सामाजिक संगठनों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक करने की जरूरत है।

### करेंगे चिन्हांकित

नशीली दवाओं के अवैध व्यवसाय के विरूद्ध अभियान चलाकर कारोबार में संलिप्त लोगों को चिन्हांकित किया जाएगा तथा पुलिस की मदद से ऐसे लोगों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-**डॉ.डीके विश्वकर्म**, बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

## पेड़ कटाई रोकने गए सुरक्षा कर्मी का युवकों ने डंडा मारकर सिर फोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सिविल ऑफिस प्रांगण में अवैध पेड़ कटाई रोकने गए कम्पनी सुरक्षाकर्मी पर प्राणघातक हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है, घायल सुरक्षाकर्मी ने घटना की रिपोर्ट थाना में दर्ज करा दी है। गौरतलब है कि रविवार की सुबह करीब सात बजे प्रार्थी एसईसीएल सुरक्षा कर्मी 46 वर्षीय मुन्ना लाल रोज की तरह कुम्दा सिविल ऑफिस के आसपास पेट्रोलिंग कर रहे थे,तभी उन्होंने नर्सरी क्षेत्र में चार लोगों को पेड़ काटते हुए देखा,उन्होंने तत्काल विरोध कर लोगों को पेड़ काटने से मना किया,इतने में आवेश में आकर करमपुर निवासी पवन उरांव और उसके एक साथी ने सुरक्षा कर्मी के सिर पर डंडे से हमला कर दिया, मामले में दो अन्य आरोपी पहले ही फरार हो गए।हमले में सुरक्षाकर्मी मुन्नालाल का सिर फट गया है और हाथ की कलाई में भी चोट आई है जिनका इलाज केंद्रीय अस्पताल में चल रहा है।घटना के बाद घायल सुरक्षा कर्मी की चीख-पुकार सुनकर वहां मौजूद दो अन्य सहकर्मी जेवियर और शोभित दौड़कर मौके पर पहुंचे, उन्हें नजदीक आता देख हमलावर वहां से भाग निकले। बिश्रामपुर पुलिस ने घायल सुरक्षा कर्मी की रिपोर्ट पर पवन उरांव और उसके साथी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।यह घटना न केवल एसईसीएल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि कुछ असामाजिक तत्व इतने बेखौफ हो गए हैं कि वे सरकारी संस्थानों के भीतर खुलेआम अवैध रूप से पेड़ काटने के साथ विरोध करने पर प्राणघातक हमला करने से भी नहीं चूक रहे हैं।



- सुरक्षाकर्मी का केंद्रीय अस्पताल में चल रहा इलाज

# पीएम मोदी के मन की बात में सांस्कृतिक वैज्ञानिक और सामाजिक मूल्यों का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात की 124वीं कड़ी को रविवार को भाजपा द्वारा विभिन्न मंडलों और बूथों में श्रवण किया गया। अंबिकापुर ग्रामीण मंडल अंतर्गत ग्राम भिट्ठीकला में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, जिला महामंत्री विकास पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह एवं युवा मोर्चा महामंत्री अंशुल श्रीवास्तव शामिल हुए एवं ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी।

- भिट्ठीकला में भाजपा पदाधिकारियों ने ग्रामीणों संग सुनी पीएम की बात

अपनी बात में प्रधानमंत्री मोदी ने अनेक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक और पर्यावरणीय विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने सुधांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन को बच्चों और युवाओं के लिए प्रेरक बताया, स्पेस स्टार्टअप्स के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया, इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड में भारत की उपलब्धियों की सराहना की और आगामी एस्ट्रोनॉमी व एस्ट्रोफिजिक्स ओलंपियाड पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने महाराष्ट्र व तमिलनाडु के 12 मराठा किलों को यूनेस्कों की वर्ल्ड हेरिटेज साइट के रूप में मिली मान्यता का उल्लेख किया और महान स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस, बाल गंगाधर तिलक, भारत छोड़ों आंदोलन, स्वतंत्रता दिवस और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के बहाने अगस्त माह को क्रांति का महीना बताया साथ ही नेशनल हैण्डलूम दिवस, उड़ीसा के क्योंझर जिले में राधा-कृष्ण संकीर्तन समिति द्वारा सामाजिक जागरूकता के प्रयास, तमिलनाडु के मणिपारण द्वारा प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण, असम के काजीरंगा नेशनल पार्क में 40 से अधिक पक्षी प्रजातियों की पहचान, और मतस्य संपदा योजना के माध्यम से गरीबों की समृद्धि जैसे विषयों को रेखांकित किया। कार्यक्रम पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम कोई न कोई गहरा संदेश लेकर आता है। आज की कड़ी से यह स्पष्ट हुआ कि भाजपा सरकार गरीबों को सशक्त करने, उन्हें मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने और आत्मनिर्भर बनाने हेतु सतत कार्य कर रही है। मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह ने उपस्थित नागरिकों से आह्वान किया कि हर महीने के अंतिम रविवार को मन की बात अवश्य सुने और प्रधानमंत्री के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करें। कार्यक्रम का संचालन संजय राजवाड़े तथा आभार प्रदर्शन जय सिंह ने किया। इस दौरान सागर विश्वकर्मा, सरपंच जुगमनिया देवी, डोमन राजवाड़े, राजू सिंह, रवि गुप्ता सुखचंद, आदित्य सिंह, पुरनचंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।




### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** नशे की हालत में कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गईर। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जशपुर अंतर्गत ग्राम लेदाम कुड़ीग महुआटोली निवासी विश्राम राम भगत आ. स्व. रामेश्वर राम (54 वर्ष) शराब पीने का आदि था और नशे की हालत में परिजन से अक्सर विवाद करता था। 23 जुलाई की रात शराब के नशे में परिजन से विवाद करने लगा। जिस पर परिजन कुछ बोले सो गए। इसी बीच रात घर के बाहर कुछ फेकने की आवाज सुन परिजन उठे तो देखा घर के बाहर कीटनाशक का डिब्बा फेंका हुआ था। इधर विश्राम को उल्टी करता देखा परिजन उसे जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन को आगामी बजट में शामिल करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** सरगुजा क्षेत्र रेल संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने सरगुजावासियों के लिए बहुप्रतिक्षित अम्बिकापुर-रेणुकूट रेलमार्ग को आगामी बजट में शमिल करने की मांग लेकर मंडल रेल प्रबंधक के नाम स्थानीय स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आजादी के आठ दशक बाद भी सरगुजावासी वृहत्तर रेलवे कनेक्टिविटी से वंचित है तथा उत्तर छत्तीसगढ़ में रेल मार्गों के विस्तार की राह देख रहे हैं। सरगुजा को ऐसे वृहत्तर रेल नेटवर्क की जरूरत है जो अंचल को समीपवर्ती एवं दूरवर्ती महानगरों से जोड़ सके। पूर्व में बरवाडीह से अम्बिकापुर को जोड़कर इस जरूरत को पूरा करने की पहल की गई थी। इस पहल के पीछे आजादी के पूर्व इस मार्ग के आधा-अधूरा सर्वे एवं कुछ निर्माण इसका कारण था। सरकारी दस्तावेजों में इस तथ्य का अनेकों बार उल्लेख किया गया है। प्रस्तावित अम्बिकापुर-रेणुकूट मार्ग अपेक्षाकृत कम लागत, कम दूरी में ज्यादा लाभकारी एवं व्यवहारिक है। इसका सर्वे पूर्ण कर डीपीआर जमा हो चुका है। इसकी अविलंब स्वीकृति करा निर्माण चालू कराने की जरूरत है। इस रेल मार्ग के संबंध में छत्तीसगढ़ की विधानसभा ने एक वर्ष पूर्व सर्वसम्मत संकल्प पारित किया था जो जनभावना की स्पष्ट एवं वैधानिक अभिव्यक्ति है। इसका सम्मान करना लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों के अनुरूप होगा। छत्तीसगढ़ के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष एवं छत्तीसगढ़ स्थापना की रजत जयंती वर्ष के अवसर पर अम्बिकापुर-रेणुकूट रेलमार्ग की सौगात प्रदेश की जनता के प्रति सरकार का अनमोल उपहार होगा। इस रेल मार्ग से उत्तरप्रदेश, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, झारखण्ड के व्यापारिक, औद्योगिक, सांस्कृतिक, वाणिज्यिक संपर्क व्यापक बनेंगे। इस रेल मार्ग से यूपी स्थित प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी का जगन्नाथपुरी छत्तीसगढ़ स्थित श्रीराम वनगमन मार्ग सहित अन्य स्थलों से जीवंत संपर्क होगा तथा धार्मिक पर्यटन को मजबूती मिलेगी। इस रेल मार्ग से रायपुर से बनारस, अयोश्या की दूरी 200 किमी कम हो जाएगी वहीं उत्तर छत्तीसगढ़ से दिल्ली जाने के लिए सर्वाधिक छोटा मार्ग साबित होगा। समिति द्वारा इस रेल परियोजना को सैद्धांतिक स्वीकृति देने के साथ ही आगामी बजट में शामिल करने हेतु मंडल प्रबंधक से रेलवे बोर्ड को यथोचित प्रस्ताव भेजने की मांग की गई है। इस दौरान मुकेश तिवारी, जितेन्द्र सिंह, शिवेश सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर स्पेशल ट्रेन
04 नवंबर से 10 नवंबर 2025, 13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411